INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VIII	Department: Hindi (2nd Lang)	Date of submission:
Grammar- October month	Topic: - **प्रत्यय,** अनेकार्थी शब्द, मुहावरे	Note: Pls. write in your Hindi note book

प्रश्न 1 निम्नलिखित प्रत्ययों से दो-दो शब्द बनाइए-

क्रमांक	प्रत्यय	मूल शब्द	प्रत्यय से बने शब्द
1	अक	पाठ,धाव	पाठक,धावक
2	कार	कहानी, कथा	कहानीकार, कथाकार
3	आपा	बूढ़ा,मोटा	बुढ़ापा, मोटापा
4	इमा	लाल, महा	लालिमा, महिमा
5	इन	माली,धोबी	मालिन, धोबिन
6	इका	गायक, नायक	गायिका, नायिका
7	त्व	देव, गुरु	देवत्व ,गुरुत्व
8	आना	साल, रोज़	सालाना, रोज़ाना
9	नाक	खतरा, खौफ़	खतरनाक, खौफ़नाक
10	खोर	सूद,रिश्वत	सूदखोर,रिश्वतखोर

प्रश्न 2 अनेकार्थी शब्द

1	कनक	सोना , गेहूँ
2	अंबर	आकाश, वस्त्र
3	आम	एक प्रसिद्ध फल, साधारण
4	अरुण	लाल रंग, सिंदूर
5	उत्तर	एक दिशा, जवाब
6	कर	हाथ, टैक्स
7	दल	सेना , समूह
8	तीर	किनारा,बाण
9	पूर्व	एक दिशा, पहले
10	मत	वोट, नहीं

प्रश्न 3 मुहावरे-

1. **कलई खुलना (भेद खुलना) -**पड़ोसी के घर में रोज महँगे-महँगे समान आ रहे थे। अचानक एक दिन पुलिस के आने से उसकी सारी कलई खुल गई।
2. **कानोकान खबर न होना (बिलकुल खबर न होना) -**बदनामी के डर से मेहता जी कब दिल्ली छोड़कर चले गए, किसी को कानों कान खबर नहीं हुई।
3. **एक और एक ग्यारह होना** (आपस में संगठित होकर शक्तिशाली होना)- राजू और रामू पुनः मित्रता करके एक और एक ग्यारह हो गए हैं।

4.कलेजा ठण्डा होना (सुख-संतोष मिलना)- जब रवि की नौकरी लग गई तब उसकी माँ का कलेजा ठण्डा हुआ।

5.कोल्हू का बैल (अत्यधिक परिश्रमी व्यक्ति)- धीरू हमेशा काम में ही लगा रहता है, वह तो कोल्हू का बैल है।

6- **एक आँख न भाना** (बिल्कुल अच्छा न लगना) राजेश का खाली बैठना उसके पिताजी को एक आँख नहीं भाता।

7 एड़ी चोटी का जोर लगाना - (किसी कार्य को करने के लिए कठिन परिश्रम करना) मोहन को अपनी कक्षा में प्रथम आना था, इसलिए उसने अपनी एड़ी चोटी का जोर लगा दिया।

8-सिर धुनना (पछताना) - छात्र अपना खराब परीक्षाफल देखकर अपना सिर धुनने लगा।

9- हाथ साफ़ करना (चुरा लेना) - चोर रोहित के घर से हाथ साफ़ करके चला गया।

10 -हाथ मलना (पछताना) - समय रहते परिश्रम कर लो, नहीं तो बाद में हाथ मलना पड़ेगा।

===